2 Nov -2023

# कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/प्रारं/पविप/प्रअ/प्रस/4026/2023 दिनांक–30-10-2023

**1. प्राचार्य,**
**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,**
**राजस्थान (समस्त)।**
**2.प्राचार्य,**
**निजी/सरकारी डी.एल.एड. शिक्षण संस्थान,**
**राजस्थान (समस्त)।**

विषयः– डी.एल.एड. प्रथम/द्वितीय वर्ष परीक्षा , 2023 के आवेदन पत्र आमंत्रण के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि डी.एल.एड. प्रथम/द्वितीय वर्ष परीक्षा, 2023 के आवेदन पत्र भरवाने की प्रक्रिया दिनांक 31.10.2023 से शुरु की जानी प्रस्तावित है। अतः इस सम्बन्ध में राज्य के समस्त सरकारी/निजी डी.एल.एड. शिक्षण संस्था/संस्थाओं हेतु निम्नलिखित निर्देश प्रसारित किए जाते हैं:–

01. सभी परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र आनॅलाइन ही स्वीकार किए जायेंगे। **किसी भी परीक्षार्थी को ऑफलाइन परीक्षा फार्म भरवाकर परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।**
02. सभी संस्था/संस्थान आवेदन पत्र भरवाये जाने की पूर्व सूचना परीक्षार्थियों को देवें। साथ ही अपने संस्थान में अध्ययनरत परीक्षार्थियों का रिकॉर्ड दुरूस्त रखें ताकि परीक्षार्थियों द्वारा भरे गए आवेदन पत्र की जांच कर आवेदन पत्रों को समय पर वेरिफाई कर अग्रेषित कर सकें। **यदि छात्राध्यापक के द्वारा गलत श्रेणी/वर्ष में आवेदन पत्र भरा गया है तो संस्था प्रधान उसे रिजेक्ट कर पुनः सही आवेदन भरवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी छात्राध्यापक द्वारा गलत श्रेणी/वर्ष का आवेदन पत्र भरा जाता है एवं सम्बन्धित संस्था प्रधान द्वारा उसे वेरिफाई कर अग्रेषित किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी छात्राध्यापक एवं सम्बन्धित संस्था प्रधान की होगी। अतः संस्था प्रधान छात्राध्यापक द्वारा भरे गये आवेदन की पूर्णतया जांच कर ही अग्रेषित करें।**
03. सभी संस्थान समय रहते परीक्षार्थियों के आवेदन पत्रों को भरवाने की पूर्व तैयारी रखें तथा समस्त परीक्षार्थियों के नाम, पिता व माता का नाम का उनके रिकॉर्ड से जांच कर लें। यदि कोई भी आवेदन पत्र नाम आदि त्रुटिपूर्ण ढंग से बिना रिकॉर्ड मिलाए आवेदन पत्र पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं, राजस्थान, बीकानेर को ऑनलाईन अग्रेषित किया जाता है तो उससे उत्पन्न होने वाली विपरीत परिस्थितियों के लिए सम्बन्धित संस्था का दायित्व निर्धारण कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

RajKaj Ref
4981930

Signature valid
Digitally signed by Ram Swaroop Jangid
Designation : District Education Officer
Date: 2023.10.30 12:55:57 IST
Reason: Approved

CamScanner

04. सभी संस्थान अपने यहां प्रथम वर्ष में प्रोन्नत रहे परीक्षार्थियों की सम्पूर्ण सूचना एकत्रित करके रखें तथा जब आवेदन पत्र भरवाने का ऑनलाईन लिंक खुले तब द्वितीय वर्ष के आवेदन के साथ ऑनलाईन ही प्रोन्नत के विषय का चयन कर परीक्षार्थी का आवेदन करवाना सुनिश्चित करें। यदि संस्था अधूरे आवेदन पत्र अग्रेषित करेगी तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

05. संस्था/संस्थान को शैक्षिक पंचाग के अनुसार आंतरिक मूल्यांकन की गतिविधियां सम्पादित करके उनका रिकॉर्ड संधारण कर समय पर सम्बन्धित प्राचार्य डाईट से प्रमाणित करवाया जाना अनिवार्य है। ध्यान रहे कि रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार की कांट–छांट/फेरबदल/व्हाईटनर का प्रयोग अमान्य है। ऐसी शिकायतें पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

06. यदि कोई पात्र परीक्षार्थी आवेदन पत्र भरने से वंचित रहता है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी व्यक्तिशः छात्राध्यापक एवं संस्था प्रधान की रहेगी।

**संलग्नः–**

01. डी.एल.एड. परीक्षा, 2023 आवेदन पत्र भरने हेतु संस्था प्रधानों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश (पात्र श्रेणियों सहित)
02. छात्राध्यापकों हेतु आवेदन पत्र भरने के निर्देश।
03. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की महत्वपूर्ण तिथियाँ।
04. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने का तरीका।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं
राजस्थान, बीकानेर

CamScanner

# कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/प्रारं/पविप/प्रज/प्रस/4026/2023 दिनांकः–

डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा–2023

–: संस्थान/संस्थानों के लिए निर्देश :–

1– सम्बन्धित संस्थान छात्र के द्वारा भरे गये ऑनलाईन आवेदन पत्र की रिकॉर्ड से जांच कर यह सुनिश्चित करें कि छात्र द्वारा भरा गया आवेदन पत्र सही है। आवेदन पत्र के सही होने पर ही उसे अग्रेषित करें। **यदि छात्राध्यापक द्वारा गलत श्रेणी में भरे गये आवेदन पत्र को संस्था के द्वारा बिना जांचे ही अग्रेषित किया जाता है तो उससे उत्पन्न होने वाली विपरीत परिस्थितियों के लिए स्वयं छात्राध्यापक एवं सम्बन्धित संस्था प्रधान व्यक्तिशः जिम्मेवार होगें।**

2– सम्बन्धित संस्था/संस्थान द्वारा सभी परीक्षार्थियों द्वारा अदा किये गये शुल्क की समेकित राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट ' पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं, राजस्थान बीकानेर 'के नाम बनवाकर परीक्षार्थियों की सूची ( नामावली) सहित सम्बन्धित डाईट में जमा करवाया जायेगा । **संस्थान डी.डी. के पीछे संस्था का नाम व शुल्क विवरण अनिवार्य रुप से लिखें। डिमाण्ड ड्राफ्ट राशि 50000/– से अधिक होने पर संस्था के टैन नम्बर अवश्य उपलब्ध करवाऐं।** परीक्षार्थियों की सूची संस्था लॉगिन द्वारा ऑनलाइन प्रिन्ट ली जानी है।

3– संस्था/ संस्थान द्वारा अपने लॉगिन से आवेदन पत्र सत्यापित करते समय विशेष ध्यान देवें कि छात्राध्यापकों ने द्वितीय वर्ष में विषय कोड 207 व विषय कोड 209 में सही विषयों का ही विकल्प दिया है। द्वितीय वर्ष के प्रश्न पत्रों का चयन करते समय सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषय में से एक का चयन करें तथा भाषा विषय का चयन करते समय संस्कृत, उर्दू , पंजाबी, सिन्धी और गुजराती में से अध्ययन की गई भाषा का चयन करें। इनमें उसी विषय का चयन किया जाना है जिसका अध्ययन सत्र पर्यन्त संस्थान में किया गया है।

1
SSt, Scien
Languag
01

4– संस्था/संस्थान द्वारा अपने लॉगिन से आवेदन पत्र सत्यापित करते समय ध्यान रखे कि परीक्षार्थयों ने अपने अध्ययनरत् सभी विषयों का चयन किया है गत वर्ष कई परीक्षार्थियों ने विषय चयन किये बिना ही संस्था को आवेदन अग्रेषित कर दिया था तथा संस्था ने भी बिना रिकॉर्ड जांचे ऑनलाइन आवेदन पत्र को वेरिफाई कर अग्रेषित कर दिया था जिससे बाद मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अतः इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों से बचने हेतु सावधानीपूर्वक आवेदन पत्रों की जांच करें अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। डी.एल.एड. परीक्षा प्रभारी एवं संस्था प्रधान संयुक्त हस्ताक्षर से यह प्रमाण पत्र कार्यालय हाजा को प्रेषित करें कि आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं का मिलान कर लिया गया है एवं नियमानुसार योग्यता एवं विषयों को जांचने के पश्चात ये आवेदन पत्र अग्रेषित किए गए हैं।

5– संस्थान/संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना है कि प्रत्येक परीक्षार्थी द्वारा आवेदन पत्र ऑनलाइन किया गया है तथा प्रोन्नत विषयों को भी सही चयन किया गया है। किसी भी सूरत में किसी भी छात्राध्यापक को ऑफलाइन आवेदन नहीं लिया जाना है ना ही किसी भी छात्राध्यापक को ऑफलाइन विषय में परीक्षा में सम्मिलित किया जायेगा। कोई भी परीक्षार्थी यदि ऑनलाइन आवेदन से वंचित रहता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संस्था/संस्थान की होगी।

Signature valid

RajKaj Ref 4981930

Digitally signed by Ram Swaroop Jangid
Designation ...Officer

CamScanner

नोटः–

01. उपर्युक्तानुसार अंकित निर्देशों में वर्णित समस्त प्रकार की शर्तों, अर्हताओं, योग्यताओं एवं नियमों का शासन द्वारा निर्धारित नियमों तथा विधि सम्मत प्रक्रिया/माननीय न्यायालय के आदिनांक निर्णयों से पूर्ण/आंशिक विभेद होने पर इन्हें अन्तिम नही माना जाएगा। विभाग एवं पंजीयक द्वारा सार्वजनिक हित मे विभिन्न तिथियों एवं प्रावधानो में अपरिहार्य परिवर्तन/संशोधन/संवर्धन किये जा सकेंगे तथा इन्हें किसी भी स्तर पर चुनौती नही दी जा सकेगी। ऐसी समस्त सूचनाएँ हमारी उल्लेखित वेबसाइट पर अपडेट कर दी जायेंगी।

02. इस पत्र/निर्देश के साथ सभी संस्था प्रधानों को डी.एल.एड. परीक्षाओं हेतु आवश्यक पात्र श्रेणियों का वर्गीकरण, छात्राध्यापकों हेतु आवेदन पत्र भरने के निर्देश, आवेदन पत्र भरने की महत्वपूर्ण तिथियाँ तथा आवेदन पत्र भरने की ऑनलाईन प्रक्रिया के चरण संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित है कि आप अपने संस्था/संस्थान के संकायाध्यक्ष/प्रभागाध्यक्ष/परीक्षा प्रभारी को उक्त के बारे में भलीभांति सूचित करते हुए नियमानुसार ही आवेदन पत्र भरवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही संस्था नोटिस पट्ट के द्वारा छात्राध्यापकों को भी अवगत करवाऐंगे।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं
राजस्थान, बीकानेर

CamScanner

# कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान बीकानेर

डी.एल.एड. परीक्षा 2023 आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पात्र श्रेणियाँ

निम्नलिखित श्रेणी के छात्राध्यापक इस परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे–

## डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष परीक्षा–2023

**01– नियमित श्रेणीः–**

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2021–22/प्रवेश वर्ष 2021 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2022 में सम्मिलित होकर प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर द्वितीय वर्ष में अध्ययन कर रहे है ऐसे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा, 2023 में डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष नियमित श्रेणी में ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

**02– पूर्ववर्ती श्रेणीः–** exstudent

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2020–21/ प्रवेश वर्ष 2020 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में सम्मिलित होकर प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हों अथवा एक या दो विषयों में प्रोन्नत रहे हो। साथ ही वे छात्राध्यापक जो डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में द्वितीय वर्ष में सम्मिलित/अनुपस्थित रहकर जिनका परीक्षा परिणाम 'अनुत्तीर्ण' रहा हों, वे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2023 में पूर्ववर्ती (एक्स–छात्राध्यापक) के रूप में द्वितीय वर्ष के ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

Second Time Ex Plx

**03–पूरक द्वितीय अवसर श्रेणीः–**

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2020–21/प्रवेश वर्ष 2020 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में सम्मिलित होकर प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हों अथवा एक या दो विषयों में प्रोन्नत रहे हों। साथ ही इन छात्राध्यापकों ने डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में द्वितीय वर्ष की परीक्षा दी हो तथा परिणाम एक या दो विषयों में पूरक रहा हों एवं द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा 2022 में पूरक विषय उत्तीर्ण नहीं कर पाये हैं या पूरक परीक्षा 2022 में सम्मिलित नही हूए हों, ऐसे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2023 में पूरक द्वितीय अवसर के रुप में ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

## डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2023

निम्न लिखित श्रेणी के छात्राध्यापक इस परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे–

**01– नियमित श्रेणीः–**

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2022–23/प्रवेश वर्ष 2022 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष में अध्ययन कर रहे है, ऐसे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2023 में डी.एल.एड. प्रथम वर्ष नियमित श्रेणी में ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

RajKaj Ref
4981930

Signature valid
Digitally signed by Ram Swaroop Jangid
Designation : District Education Officer
Date: 2023.10.30 14:55:57 IST

CamScanner

**02– पूर्ववर्ती श्रेणी:–**

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2021–22/प्रवेश वर्ष 2021 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2022 में सम्मिलित/अनुपस्थित रहकर जिनका परीक्षा परिणाम अनुतीर्ण रहा हो। ऐसे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2023 में प्रथम वर्ष पूर्ववर्ती (एक्स–छात्राध्यापक) के रुप में ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

**03–प्रोन्नत प्रथम अवसर:–**

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2021–22/प्रवेश वर्ष 2021 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2022 में सम्मिलित रहकर प्रथम वर्ष का परिणाम अधिकतम दो विषयों में प्रोन्नत रहा हो, वे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2023 में डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष नियमित श्रेणी के आवेदन के साथ–साथ प्रथम वर्ष परीक्षा 2023 में प्रोन्नत विषयों का भी आवेदन प्रोन्नत प्रथम अवसर के रुप में प्रस्तुत करेंगे।

**05– प्रोन्नत द्वितीय अवसर:–**

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2020–21/प्रवेश वर्ष 2020 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में सम्मिलित हो कर प्रथम वर्ष परीक्षा परिणाम में एक या दो विषयों में प्रोन्नत रहे हों तथा इन्होने द्वितीय वर्ष परीक्षा 2022 के साथ प्रोन्नत विषयों की भी परीक्षा दी हो लेकिन प्रोन्नत विषयों को उत्तीर्ण नही कर पाये हों या डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में प्रोन्नत विषयों की परीक्षा नहीं दे पाये हों, वे अपना आवेदन डी.एल.एड. परीक्षा 2023 में प्रोन्नत द्वितीय अवसर के रुप में प्रस्तुत करेंगें।

**06 सशर्त पूरक/सशर्त प्रोन्नत**

ऐसे परीक्षार्थी जिनके गत परीक्षा परिणाम में किन्हीं एक या दो विषयों के अंतरांकन में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थिति की स्थिति हो उन्हे सशर्त पूरक/सशर्त प्रोन्नत कहा जाता है:–

**A सशर्त प्रोन्नत:–**

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में या प्रथम वर्ष पूर्ववर्ती परीक्षा 2022 में सम्मिलित हुए थे एवं उनका परिणाम एक या दो विषयों में सशर्त प्रोन्नत रहा था, इन छात्राध्यापकों को डी.एल.एड. परीक्षा 2023 के लिए द्वितीय वर्ष परीक्षा आवेदन के साथ सशर्त प्रोन्नत विषयों के लिए परीक्षा ऑनलाइन आवेदन नहीं करना है ( कुछ छात्राध्यापक एवं संस्थाएँ सशर्त प्रोन्नत विषयों का ऑनलाइन परीक्षा का आवेदन कर देते है जो गलत है)।

RajKaj Ref
4981930

Signature valid
Digitally signed by Ram Swaroop Jangid
Designation ...

CamScanner

**B सशर्त पूरकः–**

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2020–21/प्रवेश वर्ष 2020 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष परीक्षा 2022 में सम्मिलित हुए थे एवं उनका परिणाम एक या दो विषयों में सशर्त पूरक रहा था, इन छात्राध्यापकों को डी.एल.एड. परीक्षा 2023 के लिए पूरक द्वितीय अवसर के रुप में ऑनलाइन आवेदन नहीं करवाना है (कुछ छात्राध्यापक एवं संस्थाएँ सशर्त प्रोन्नत विषयों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन कर देते है जो गलत है)।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान बीकानेर

CamScanner

# डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा–2023

## छात्राध्यापकों/परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1– आवेदनः– ऑनलाइन आवेदन अधिकृत वैबसाइट https://rajshaladarpan.nic.in/ पर उपलब्ध टैब D.EL.ED. EXAMS. के माध्यम से किये जा सकेंगे। इस हेतु इस Url link https://rajshaladarpan.nic.in/RajEExam/DElEd/Home/Home.aspx का प्रयोग किया जावे।

- परीक्षार्थियों (छात्राध्यापकों) को इन्टर्नशिप के दौरान उपलब्ध लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड से शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना है।
- परीक्षार्थी जिस वर्ष की परीक्षा में शामिल होने के योग्य है उसी वर्ष के आवेदन पत्र का चयन करना सुनिश्चित करें। यदि छात्राध्यापक भूलवश त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र ऑनलाईन भर देता है तो वह तुरन्त अपने अध्ययनरत संस्थान से सम्पर्क कर उसे रिजेक्ट करवाकर पुनः सही आवेदन पत्र भरें परन्तु यदि छात्राध्यापक गलत भरे गये आवेदन पत्र को रिजेक्ट नहीं करवाता है तथा संस्था भी बिना जांचे उसे वेरिफाई कर अग्रेषित कर देती है तो उसकी विपरीत परिस्थितियों के लिए प्रथमतः वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा संस्था का भी उत्तरदायित्व रहेगा।
- परीक्षा शुल्क पूर्व वर्षों की भांति सम्बन्धित अध्यापक शिक्षा संस्था/संस्थान में ही जमा करवाना है।
- आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होंगे, पंजीयक कार्यालय को हार्ड कॉपी प्रेषित नहीं की जानी है। किसी भी परिस्थिति में हाथ से भरे आवेदन पत्र/आर्फलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।
- छात्राध्यापक अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (अधिकतम 50 के.बी.) और हस्ताक्षर (अधिकतम 50 के.बी.) का अलग–अलग स्कैन कर JPG बनाएँ। आवेदक अपनी माध्यमिक, उच्च माध्यमिक या समकक्ष परीक्षाओं की अंकतालिका भी स्कैन कर अपलोड करेंगे।
- छात्राध्यापकों को डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अपने पास सुरक्षित एवं सम्भाल कर रख लेनी चाहिए ताकि जरुरत पड़ने पर मिलान किया जा सकें।
- छात्राध्यापकों द्वारा अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज, फोटो तथा हस्ताक्षर आदि स्पष्ट स्कैन किये जाने के बाद ही अपलोड किये जाये।
- छात्राध्यापक स्वयं ऑनलाइन आवेदन करेंगे। किसी अन्य जरिये, जैसे – साइबर कैफे ऑपरेटर आदि द्वारा आवेदन किये जाने की स्थिति में भी आप स्वयं ही उत्तरदायी होंगे। अतः समस्त सूचनाएं अपने प्रमाण–पत्रों एवं अंकतालिकाओं के अनुसार आवेदन पत्र की जांच के पश्चात ही OK/Final submit करें।
- छात्राध्यापक ऑनलाइन आवेदन कर उसका प्रिंट ले लें तथा इसे अपने पास सुरक्षित रखें।

RajKaj Ref
4981930

Signature valid
Digitally signed by Ram Swaroop Jangid
Designation : District Education Officer
Date: 2023.10.30 12:55:57 IST
Reason: Approved

CS CamScanner

- परीक्षार्थियों (छात्राध्यापकों ) का प्रोफाइल इन्टर्नशिप माड्युल से स्वतः प्रदर्शित हो जायेगा। उन्हें केवल आवश्यक सूचनाएँ ही प्रविष्ट करनी है।
- परीक्षार्थियों (छात्राध्यापकों ) का अपने प्रोफाईल से नाम, पिता का नाम इत्यादि का मिलान सैकण्डरी परीक्षा की अंकतालिका से करना है। इसके मिलान करने पर यदि कोई त्रुटि हो तो सम्बन्धित छात्राध्यापक अध्ययनरत शिक्षा संस्थान के प्रधानाचार्य को तत्काल सूचित करें।
- प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के प्रश्न पत्रों का चयन सावधानीपूर्वक किया जाना है। यदि प्रथम वर्ष में परीक्षार्थी प्रोन्नत है तो वह द्वितीय वर्ष के साथ प्रथम वर्ष के प्रोन्नत विषयों का भी चयन अनिवार्य रुप से करेगा।
- द्वितीय वर्ष के प्रश्न पत्रों का चयन करते समय सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषय में से एक का चयन करें तथा भाषा विषय का चयन करते समय संस्कृत , उर्दू, पंजाबी, सिन्धी और गुजराती में से अध्ययन की गई भाषा का चयन करें। इनमें उसी विषय का चयन किया जाना है जिसका अध्ययन सत्र पर्यन्त संस्थान में किया गया है।
- प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण छात्राध्यापक प्रथम वर्ष पूर्ववर्त्ती (एक्स) परीक्षार्थी के रूप में आवेदन पत्र ही भरें।
- द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी द्वितीय वर्ष पूर्ववर्त्ती (एक्स) परीक्षार्थी के रुप में आवेदन करना सुनिश्चित करें।
- प्रोन्नत द्वितीय अवसर एवं पूरक द्वितीय अवसर के परीक्षार्थी केवल उन्हीं विषयों का चयन करें जिन विषयों में प्रोन्नत अथवा पूरक रहे हो।

2. <u>परीक्षा शुल्कः–</u>

01 **<u>डी.एल.एड. प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थीः–</u>**

प्रथम वर्ष नियमित परीक्षार्थी शुल्कः रुपये 270/–
प्रथम वर्ष पूर्ववर्ती परीक्षार्थी शुल्कः रुपये 270/–
द्वितीय वर्ष नियमित परीक्षार्थी शुल्कः रुपये 270/–
द्वितीय वर्ष पूर्ववर्ती परीक्षार्थी शुल्कः रुपये 270/–
प्रोन्नत द्वितीय अवसर परीक्षार्थी शुल्कः रूपये 270/–
पूरक द्वितीय अवसर परीक्षार्थी शुल्कः रूपये 270/–

02. <u>द्वितीय वर्ष नियमित परीक्षा के साथ प्रथम वर्ष के विषयों की परीक्षा (प्रोन्नत) हेतु शुल्कः रुपये 540/–</u>

03 <u>द्वितीय वर्ष पूर्ववर्ती परीक्षा के साथ प्रथम वर्ष के विषयों की परीक्षा (प्रोन्नत) हेतु शुल्कः रुपये 540/–</u>

04 <u>प्रोन्नत द्वितीय अवसर एवं प्रोन्नत द्वितीय अवसर के विषयों की परीक्षा हेतु शुल्क : रूपये [illegible]0/–</u>

4981930

Signature valid
Digitally signed by Ram Swaroop Jangid
Designation : District Education Officer
Date: 2023.10.30 1[illegible]:55:57 IST
Reason: Approved

# डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा–2023

ई–मेल आई.डी.–prderajbkn@gmail.com

वैबसाईट–https://rajshaladarpan.nic.in/

Url link for application:-

https://rajshaladarpan.nic.in/RajEExam/DElEd/Home/Home.aspx

राजस्थान राज्य में संचालित राजकीय/निजी क्षेत्र के मान्यता एवं सम्बद्धता प्राप्त अध्यापक शिक्षा संस्थानों/संस्थाओं में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों (छात्राध्यापकों), द्वारा डी.एल.एड. (सामान्य/संस्कृत), प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा– 2023 हेतु ऑनलाईन आवेदन किए जाने वास्ते तिथि एवं अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का निर्धारण निम्नानुसार किया जाता है।

<u>ऑनलाईन आवेदन करने की महत्वपूर्ण तिथियां</u>

| क्रमांक | आवेदन प्रक्रिया के सोपान | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन आवेदन मॉडयूल की उपलब्धता | 31.10.2023 से |
| 02 | ऑनलाईन आवेदन करना | 31.10.2023 से 14.11.2023 तक |
| 03 | परीक्षार्थी द्वारा संस्था में परीक्षा शुल्क जमा करवाना | 18.11.2023 तक |
| 04 | संस्थान के द्वारा सम्बन्धित डाईट को परीक्षा शुल्क का डी.डी. जमा करवाना | 24.11.2023 तक |
| 05 | डाईट द्वारा जिले के समस्त निजी/सरकारी शिक्षण संस्थाओं से डी.डी. प्राप्त कर मय सूची कार्यालय हाजा को प्रेषित करना। | 28.11.2023 |

डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा–2023 में वे परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिनका डी.एल.एड. में प्रवेश सत्र 2020–21 हो अथवा 2020–21 के बाद का हो। (2020–21 से सत्र से पूर्व के परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो [illegible]) [illegible] के लिए [illegible] आवेदन हेतु पात्रता, न्यूनतम अर्हता, न्यूनतम उपस्थिति इत्यादि के प्रावधान शासन [illegible] समय समय पर जारी दिशा निर्देशों एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा [illegible] (एन.सी.टी.ई.) [illegible] निर्धारित मानदण्डों के अनुसार यथावत रहेंगे।

Signature valid
Digitally signed by Ram Swaroop Jangid
Designation : District Education Officer
Date: 2023.10.30 1[illegible]:55:57 IST
Reason: Approved

नोट– 2020-21 से पूर्व वाले फॉर्म [illegible]

## डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा 2023 के परीक्षार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने के सम्बन्ध में प्रक्रियागत निर्देश

**ऑनलाईन आवेदन करने हेतु आवश्यक दस्तावेज**

- फोटो (अधिकतम साईज 50 केबी FORMAT-JPG)
- हस्ताक्षर (अधिकतम साईज 50 केबी FORMAT-JPG)
- 12 वीं की अंकतालिका ( अधिकतम साईज 100 केबी FORMAT-JPG)
- जाति प्रमाण पत्र
- काउन्सलिंग सीरियल नम्बर
- प्रवेश दिनांक प्रथम वर्ष ( कॉलेज आंवटन तिथि)
- आधार कार्ड की प्रति

**परीक्षार्थी निम्न स्टेप के अनुसार आवेदन करें।**

- परीक्षार्थी सबसे पहले http://rajshaladarpan.nic.in/ पर जावें तथा Integrated shaladarpan पर click करें अथवा सीधे ही Url link https://rajshaladarpan.nic.in/RajEExam/DElEd/Home/Home.aspx का प्रयोग करें।
- Deled exam पर click करें।
- Student login पर click करें।
- परीक्षार्थी अपना user name password and captcha भरें। यदि किसी परीक्षार्थी का user name तथा password ज्ञात नहीं है तो Student tab में जाकर forgot user name password से user name and password recover करें।
- Deled exam application पर click करें।
- Candidate profile पर click करें तथा profile में दी गई जानकारी को अच्छी तरह से check करें।
- परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन करने के लिए Deled exam application पर click करें।
- परीक्षार्थी अपनी basic details भरें तथा save and next करें।
- Candidate Qualification Detail भरें एवं Save करें ... Save and next करें।

RajKaj Ref 4981930

Signature valid
Digitally signed by Ram Swaroop Jangid
Designation : District Education Officer
Date: 2023.10.30 12:55:57 IST
Reason: Approved

CamScanner

- Subject selection में subject का चयन करें तथा प्रथम वर्ष का परीक्षार्थी save Ist Year Subject को click करें तथा उसके बाद Next पर click करें।

- द्वितीय वर्ष का परीक्षार्थी यदि प्रथम वर्ष में प्रोन्नत हैं तो प्रोन्नत के विषयों का अवश्य चयन करें साथ ही ऐच्छिक विषयों (विषय कोड 207 एवं 209) का चयन भी अनिवार्य रुप से करें तथा उसके बाद save IInd Year पर click करें एवं उसके बाद Next पर Click करें।
- **प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी पूर्ववर्ती आवेदन पत्र का चयन करें।**
- द्वितीय वर्ष में उत्तीर्ण परीक्षार्थी परन्तु जिनका वृहद् परिणाम प्रोन्नत हो वे परीक्षार्थी प्रोन्नत द्वितीय अवसर का चयन करें तथा प्रोन्नत रहे विषयों का चयन सावधानीपूर्वक करें।
- डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष परीक्षा, 2022 में पूरक रहे परीक्षार्थी डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण रहने पर पूरक द्वितीय अवसर के आवेदन पत्र का चयन करें एवं पूरक रहे विषयों का चयन सावधानीपूर्वक करें।
- Photo and sign upload करें तथा save and next करें।
- candidate Document एवं cast/PH Certificate upload करें तथा save and View Application पर click करें।
- Screen पर प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्र को check करें एवं सही होने पर final submit पर click करें।
- Save change पर click करें।
- आवेदन पत्र में त्रुटि के कारणवश आवेदन निरस्त करने के लिए Apply for Rejction पर click करें। जब Rejection के विकल्प का इस्तेमाल किया जाये तो Rejection के पश्चात् परीक्षार्थी के अध्ययनरत संस्थान से verification के पश्चात ही परीक्षार्थी पुनः login कर आवेदन ऑनलाईन तरीके से भर पाऐंगे।
- **आवेदन का print अवश्य प्राप्त करें तथा नियमानुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क निर्धारित तिथि तक अपने अध्ययनरत् संस्थान में जमा करावें।**

RajKaj Ref 4981930

Signature valid

Digitally signed by Ram Swaroop Jangid
Designation : District Education Officer
Date: 2023.10.20 14:55:57 IST

CamScanner